an>

Title: Need to cover the crop damaged due to wild animals menace under Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana.

श्री ओम बिरला (कोटा) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि किसान बड़ी मुश्किल और मेहनत से फसल उगाते हैं। ...(व्यवधान) जिस मेहनत से वे फसल उगाते हैं और फसल को पैदा करते हैं, लेकिन जब उनकी फसल पैदा हो जाती है तो उन किसानों की खड़ी सारी फसल जंगली जानवरों के कारण हो खराब जाती है। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति महोदय, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और सर्वे एजेंसियों ने माना है कि जंगली जानवरों के कारण 30 प्रतिशत किसानों की फसल खराब हो जाती है। ...(व्यवधान) मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि जिस तरह किसान रात भर जाग कर फसल की सुरक्षा करने का काम करते हैं, उस फसल को बचाने के लिए उनको प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में कवर करना चाहिए। ...(व्यवधान) केन्द्र और राज्य सरकार दोनों को मिलकर एक व्यापक कार्य योजना बनानी चाहिए।...(व्यवधान)

माननीय सभापति :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री शरद त्रिपाठी,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री राहुल कस्वां और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री ओम बिरला द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।